प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 10:45बजे

मन की बात.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 130वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, ए.आई.आर. न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से इस कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण किया जायेगा।

राज्यत्व दिवस

हिमाचल प्रदेश आज अपना 56वां पूर्ण राजत्व दिवस मना रहा है। राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िले के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परागपुर के खेल मैदान में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। प्रशासन द्वारा इस समारोह के लिए सभी तैयारियां की गई हैं। इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी प्रदेशवासियों को पूर्ण राज्यत्व दिवस पर शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि आज ही के दिन वर्ष 1971 में हिमाचल देश का 18वां राज्य बना और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने शिमला के रिज मैदान पर भारी बर्फबारी के बीच हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की घोषणा की थी।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–चार के अंतर्गत जनजातीय जिला किन्नौर को केंद्र सरकार से 96 करोड़ 12 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। योजना के तहत जिले की आठ सड़कों का निर्माण व उन्नयन कार्य किया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को आवाजाही, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं के साथ–साथ पर्यटन गतिविधियों में भी सीधा लाभ मिलेगा।अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता

*8 ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाली 8 सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए कुल 96.12 करोड़ रुपये, पांगीदृठोपन सड़क ;10.5 किमीद्ध के लिए 14.92 करोड़ रुपयेए रूआ गांव संपर्क मार्ग के लिए 9.66 करोड़, रांगलेदृमी, सड़क के लिए 8.13 करोड़ए चौरादृमझगांव मार्ग के लिए 24.25 करोड़ए कटगांवदृ शांगो सड़क के लिए 2.27 करोड़ए जानीदृरामनी सड़क के लिए 3.24 करोड़ए एनएच.05 से रुनंग संपर्क मार्ग के लिए 15º87 करोड़ तथा गर्म पानीदृनाथपा मार्ग के लिए 17. 86 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन सड़क परियोजनाओं के पूर्ण होने से किन्नौर जिले के दूरदराज़ और दुर्गम क्षेत्रों में सड़क संपर्क सुदृढ़ होगा। इससे स्थानीय लोगों को आवागमनए शिक्षाए स्वास्थ्य सेवाओंए आपातकालीन सुविधाओं के साथ.साथ पर्यटन गतिविधियों में भी सीधा लाभ मिलेगा।* आकाशवाणी शिमला के लिए मैं सुमेश नेगी

गणतंत्र दिवस

77वां गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह कल शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर. एस. बाली, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा और संजय अवस्थी भी मौजूद रहेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह पर सभी जिलों में भी  कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया कांगड़ा ज़िला के धर्मशाला में ध्वजारोहण करेंगे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री हमीरपुर, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल नाहन, कृषि मंत्री चंद्रकुमार ऊना, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान मंडी, राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी चंबा, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर केलंग, ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह रिकांगपिओ, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सोलन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बिलासपुर में होने वाले ज़िला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर कुल्लू में ज़िला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए आकाशवाणी शिमला से रोजाना शाम 7 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन आज शाम 6 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होगा।

पुरस्कार

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग को वर्ष 2025 के मतदाता शिक्षा जागरूकता अभियान में सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए इलेक्ट्रॉनिक रेडियो श्रेणी में मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु यह पुरस्कार आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान करेंगी। पुरस्कार चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने और सुलभ चुनावों के बारे में जागरूकता फैलाने में आकाशवाणी के योगदान को मान्यता देता है।

मौसम

राज्य में हुई भारी बर्फबारी और वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। मनाली में बर्फबारी के कारण हजारों पर्यटक फंसे है। राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र के मुताबिक प्रदेश में दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 6 सौ 83 सड़कों पर यातायात अवरूद्ध बना हुआ है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की बहाली के लिए भारी मशीनरी लगाई गई है।  हालांकि आज अधिकांश भागों में मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश के किन्नौर, लाहौल–स्पीति तथा कुल्लू जिला में बादल छाए हुए हैं।      इधर मौसम विभाग ने अगले दो दिन राज्य के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा की संभावना जताई है जबकि 27 जनवरी को अनेक क्षेत्रों में भारी हिमपात व वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच विद्युत बोर्ड के प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश में बर्फबारी से क्षतिग्रस्त हुए लगभग 13 सौ ट्रांसफार्मर को बहाल कर दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि सोलन जिला के बद्दी देर रात तक कार्य करके बाधित विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई है।

————————————